## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. 16वें वित्त आयोग की टीम अब से थोड़ी देर बाद देवघर में संताल परगना प्रमंडल के स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ करेगी बैठक, कल रांची में मंत्रियों और अधिकारियों के साथ होगा मंथन।
2. राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार राज्य के कुलपतियों के साथ कर रहे हैं बैठक, विश्वविद्यालयों में नयी शिक्षा नीति की स्थिति की हो रही है समीक्षा।
3. रांची में दो और मरीजों में कोरोना की पुष्टि, राज्य में कोविड संक्रमितो की संख्या हुई तीन, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा– घबराने की जरुरत नहीं, स्वास्थ्य महकमा किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार।
4. धनबाद में झारखंड और बंगाल एटीएस टीम की छापेमारी में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा, बड़ी संख्या में निर्मित और अर्धनिर्मित हथियार बरामद, छह गिरफ्तार।
5. पलामू में बारातियों से भरी गाड़ी हुई दुर्घटनाग्रस्त, चार लोगों की मौके पर ही मौत, 10 गंभीर रुप से घायल।

********************

16वें वित्त आयोग की टीम चार दिवसीय झारखंड दौरे पर है। अपने दौरे के के दूसरे दिन आज यह टीम देवघर पहुंची है। देवघर पहुंचने पर टीम के सदस्यों ने बाबा बैद्यनाथ धाम में पूचा अर्चना की। अब से थोड़ी देर बाद वित्त आयोग की टीम संताल परगना प्रमंडल के स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत किया जायेगा। बैठक के बाद आज शाम वित्त आयोग की टीम रांची लौट आयेगी और कल राज्य के मंत्रियों और आला अधिकारियों के साथ बैठक करेगी।

********************

भारतीय जनता पार्टी ने झामुमो पर आदिवासी अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि इसके लिए झामुमो को माफी मांगनी चाहिए।

झामुमो ने इसपर पलटवार करते हुए कहा है मुख्य मुद्दा से भटकाना भाजपा की आदत रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता कुणाल षाड़ंगी ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीएनटी–एसपीटी एक्ट में छेड़छाड़ कर भाजपा ने आदिवासियों की आत्मा को चोट पहुंचाने का काम किया था।

********************

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार आज राजभवन में राज्य के कुलपतियों के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में विश्वविद्यालयों के साथ ही नयी शिक्षा नीति की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। कुलाधिपति की ओर से कुलपतियों को कई निर्देश दिये जा रहे हैं।

********************

केन्द्र सरकार द्वारा शुरु किये गये विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जामताड़ा जिले में किसानों को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

रांची में दो और मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है। इस बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा है कि किसी को घबराने की जरुरत नहीं लेकिन सतर्कता जरुरी है।

********************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से कल यानी 30 मई को दोपहर बाद तीन बजे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के विदेश दौरों पर आधारित विशेष परिचर्चा का प्रसारण किया जायेगा। परिचर्चा में केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के इंटरनेशनल रिलेशंस विभाग की सहायक प्रोफेसर डाक्टर अपर्णा और वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा भाग लेंगे।

********************

केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी देने और तीन लाख रुपये तक के केसीसी ऋण पर ब्याज दर में कमी करने पर राज्य के किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। गिरिडीह के किसानों ने केन्द्र सरकार के इन फैसलों का स्वागत करते हुए कहा है कि इन फैसलों से किसानों को काफी राहत मिलेगी।

********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार सशस्त्र बलों के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप, एक विशेष श्रंखला प्रसारित कर रहा है। आज इस कड़ी में हम याद कर रहे हैं परमवीर चक्र विजेता मेजर धानसिंह थापा को जिन्होंने 1962 में चीन–भारत युद्ध में अदम्य साहस दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट–

********************

धनबाद जिले के महुदा थाना क्षेत्र स्थित सिंगड़ा बस्ती में झारखंड–बंगाल की एटीएस टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अवैध मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। इस सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

********************

पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र में बीती रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा तब हुआ जब मनातू के पसिया गांव से बारात बोहिता जा रही थी। बारातियों से भरी सवारी गाड़ी और एक अन्य वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

********************

घरेलू इक्विटी सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर के कारोबार में लगभग स्थिर रहे। अंतिम रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 53 अंक गिरकर 81 हजार 260 पर और निफ्टी 18 अंक गिरकर 24 हजार 734 पर आ गया। इससे पहले, दोनों सूचकांक सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बाद बढ़त के साथ खुले थे और शुरुआती कारोबार में आईटी और धातु क्षेत्रों में खरीदारी देखी गई थी।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव सतासी हजार आठ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने रांची सहित राज्य भर में अगले दो दिनों तक तेज हवा के साथ बारिश होने की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों ने झारखंड में मानसून के समय से पहले आने की संभावना व्यक्त की है।

********************

रेलवे जूनियर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में रेलवे इंडियंस ने खिताबी जीत हासिल कर ली है। रांची स्थित रेलवे यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी के मैदान में खेले गये फाइनल मैच में रेलवे इंडियंस सुपर ओवर में रेलवे रॉयल्स को हराया।

******समाप्त**************